Estd. 2006

चन्द्रा इंस्टीट्यूट

(ISO 9001-2008 Certified Institute)

सरकारी नौकरी के लिए एक मात्र विश्वसनीय संस्थान

SSC **BANK** **RRB** **TET**

प्राथमिक शिक्षक **UPP, SSC (GD)**

CTET (पर्यावरण एवं शिक्षण)

HO : रामबाग ब्रांच
M.: 8400333260

BO : अल्लापुर ब्रांच
M : 8400333264

BO : सिविल लाइन्स
M : 9936357073

Tricky English Expert

वागेश पाण्डेय सर एवं टीम के मार्गदर्शन में।

Air Conditioner Classes

web : www.chandrainstitute.com || E-Mail : chandrainstituteit@rediffmail.com

पर्यावरण ,oa f'k{k.k

1. पर्यावरण अध्ययनके शिक्षक के रूप में आप बच्चों को चिड़ियाघर ले जाने की योजना बनाते हैं। आप बच्चों को निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि करने की अनुमति नहीं देंगे?
   (1) चिड़ियाघर के जानवरों के लिए बहुत सारी खाने की सामग्री ले जाना
   (2) चिड़ियाघर के विभिन्न जानवर कौन-सा भोजन खाते हैं, यह पता लगाना
   (3) चिड़ियाघर में जिन जानवरों को वे देखेंगे उनकी फोटो एकत्रित करना
   (4) चिड़ियाघर में उन्होंने जो देखा उसका चित्र बनाने के लिए उनकी ड्राइंग की कॉपी को साथ ले जाना
2. बच्चोंको विभिन्न प्रकार के ईंधनों से परिचित कराने के लिए शिक्षक-
   (1) कक्षा में कुछ ईंधनों के नमूने दिखा सकते हैं
   (2) एक लघु फिल्म दिखाने के साथ खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले संभावित ईंधन के प्रकारों पर बच्चों के साथ चर्चा कर सकता हैं
   (3) चार्ट पर ईंधनों के चित्र प्रदर्शित कर सकता हैं
   (4) बच्चों से विभिन्न प्रकार के ईंधनों की सूची बनाने के लिए कह सकता हैं
3. प्रदर्शन की सहायता से शिक्षार्थियों को महत्वपूर्ण अधिगम अनुभव की प्राप्ति होती हैं। इससे उनमें...........का विकास होता हैः
   (1) बुद्धि का (3) क्षमता का
   (2) निरीक्षण शक्ति का (4) उपरोक्त सभी
4. ग्लोब पृथ्वी का प्रतिरूप हैं, इसका उपयोग किया जाता हैं-
   (1)पृथ्वी पर जल और थल को दिखाने के लिए
   (2) विश्व में अपना शहर ढूँढने के लिए
   (3) पृथ्वी के वास्तविक रूप और आकार समझाने के लिए
   (4) उपरोक्त सभी के लिए
5. मानचित्र पढ़ने के लिए आवश्यक कौशल में शामिल हैं-
   (1) अभिव्यक्तात्मक योग्यताओं को बाहर निकलने के लिए विलक्षण सम्प्रेषण कौशल
   (2) स्थान-दूरी और दिशाओं की सापेक्ष स्थिति को समझने की योग्यता
   (3) ड्राइंग और पेण्टिंग में विलक्षण कुशलता
   (4) ग्लोब पर स्थिति दर्शाने के लिए स्केच और गणनाओं का उपयोग करने की योग्यता
6. दत्त कार्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही हैं?
   (1) दत्त कार्य बच्चों को सूचना खोलने, अपने विचारों का निर्माण करने और उन्हें उच्चारित करने का अवसर प्रदान करता हैं
   (2) दत्त कार्य अभिभावकों, भाइयोंया बहनों द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार किया जा सकता हैं
   (3) प्रतिदिन विविधता और अभ्यास कराने के लिए कक्षा-कार्य और फिर गृह-कार्य के रूप में दत्त कार्य देने की आवश्यकता हैं
   (4) दत्त कार्य आकलन का एकमात्र तरीका हैं
7. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा IV के विद्यार्थियों को उद्यान भ्रमण पर ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य होना चाहिए-
   (1) उद्यान में खूब खेलें
   (2) प्राकृतिक वातावरण का मजा लें
   (3) स्कूल की दिनचर्या से छुट्टी मिले
   (4) उद्यान में मौजूद वस्तुओं, फूल पौधों आदि का अवलोकन करें एवं आपस में उन पर चर्चा करें
8. पर्यावरण अध्ययन की एक शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों को आगरा का ताजमहल दिखाने ले गई। इस भ्रमण हेतु उसका उद्देश्य होगा-
   (1) ताजमहल के इतिहास की जानकारी प्राप्त करना
   (2) ताजमहल की खूबसूरती का अवलोकन करना
   (3) ताजमहल में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों का आनन्द लेना
   (4) ताजमहल की अन्य ऐतिहासिक इमारतों से तुलना करने की क्षमता का विकास करना
9. दोपहर के भोजन अवकाश के बाद पर्यावरण अध्ययन पढ़ाते समय आप यह पाते हैं कि बच्चे पाठ में रुचि नहीं ले रहे हैं। आप क्या करोंगे?
   (1) बच्चो को बाहर मैदान में खेलने के लिए ले जाएँगे
   (2) बच्चों से कहेंगे कि वे डेस्क पर सिर रखकर आराम करें
   (3) पाठ को रोचक बनाने के लिए बहु-आयामी बुद्धि पर आधारित दृश्य-श्रव्य सामग्रियों का प्रयोग करेंगे
   (4) प्रकरण को तुरन्त बदल देंगे
10. एक विद्यालय ने राजस्थान के लिए कक्षा-V के बच्चों के शिक्षक भ्रमण की योजना बनाई। भ्रमण के दौरान बच्चों से आपकी क्या अपेक्षाएँ रहेंगी?
   (1) यदि उनके कोई प्रश्न हों तो उन्हें दर्ज कर लेना चाहिए और घर पहुँचने के बाद अभिभावकों से उन्हें पूछना चाहिए
   (2) चीजों के बारे में बिना कोई प्रश्न पूछें, सभी का अवलोकन करना चाहिए
   (3) उन्हें आनन्द उठाना चाहिए
   (4) उन्हें ध्यान से अवलोकन करना चाहिए, टिप्पिणियाँ दर्ज करनी चाहिए और बाकि बच्चों तथा शिक्षक के साथ अपने अवलोकनों को बाँटना चाहिए

CHANDRA INSTITUTE PRAYAGRAJ 8400333264

11. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में में रेलवे समय-सारणी (टाइम-टेबल) को बताने के पीछे उद्देश्य हैं-

(1) सैद्धांतिक तथ्यों को व्यवहारिक रूप से समझना

(2) देश के विभिन्न भागों के विषय में जानकारी देना

(3) रास्ते में आने वाले विभिन्न स्टेशनों के विषय में जानकारी देना

(4) उपरोक्त सभी

12. मानचित्र से बच्चों में स्थान, दूरी और दिशाओं की सापेक्ष स्थिति को समझने की योग्यता विकसित होती हैं। मानचित्र की कला समझाने में बच्चों को सर्वप्रथम किस बात का ज्ञान करना चाहिए?

(1) दूरी (3) रंग

(2) दिशा (4) प्रतीक

13. कक्षा-V का समीर अक्सर पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका के पास दत्त-कार्य जमा नहीं कराता । इससे निबटने का सर्वोत्तम सुधारात्मक उपाय हो सकता हैं-

(1) इस बात के विषय में प्रधानाचार्य को सूचित करना

(2) उसे खेल-कूद की कक्षा में जाने से रोकना

(3) अनियमितता के कारण पता करना और समीर को परामर्श देना

(4) उसकी अनियमितता के बारे में अभिभावकों के लिए एक नोट लिखना

14. एक विज्ञान शिक्षिका 'श्वसन' प्रकरण पढ़ाने के बाद परीक्षा का आयोजन करती हैं और यह देखती हैं कि अधिकांश विद्यार्थी श्वसन और साँस लेने के बीच अन्तर को नहीं समझते हैं। यह किसके कारण हो सकता हैं?

(1) वह कक्षा में प्रभावी तरीके से सम्बन्धित संकल्पना को व्याख्यायित नहीं कर सकी

(2) वह उनकी कक्षा अध्यापिका नहीं हैं

(3) विद्यार्थी प्रश्न को सही तरीके से नहीं समझ सके

(4) शिक्षिका की कक्षा में प्रायः बहुत अनुशासनहीनता रहती हैं

15. प्राथमिक स्तर पर 'मान चित्रांकन' सिखाने से शिक्षार्थियों में निम्नलिखित में से किस कौशल को बढ़ावा मिलता हैं?

(1) साफ-सुथरा रेखांकन

(2) गणनाएं और अनुमान

(3) माप के अनुसार चित्रण करना

(4) सापेक्ष स्थिति और दिशाबोध की जानकारी

16. चार भावी शिक्षकों से कक्षा V के विद्यार्थियों के लिए मूल विषय 'यात्रा' पर प्रस्तुतीकरण बनाने के लिए कहा गया। प्रत्येक ने निम्नलिखित नीतियों में से किसी एक पर मुख्य रूप से केन्द्रित किया-

(1) यात्रा के विभिन्न साधनों/विधियों को दर्शाने वाले चार्ट का उपयोग और उनकी व्याख्या

(2) पाठ्य-पुस्तक की विषय-वस्तु के उपयोग द्वारा यात्रा की विभिन्न विधियों की व्याख्या

(3) विद्यार्थियों से यात्रा के विभिन्न साधनों के चित्र एकत्र करके स्क्रैपबुक बनाने के लिए कहना

(4) विद्यार्थियों से यात्रा में उपयोग किए गए विभिन्न साधनों के अनुभवों का वर्णन करने के लिए कहना

17. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए कविताओं और कहानी कथन का उपयोग करना-

(1) बच्चों में विद्यमान भाषिक एवं सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखता हैं

(2) उचित दिशा में बच्चों की ऊर्जा को संकेन्द्रित करता है

(3) पाठ को आनन्ददायक और रोचक बनाने में मदद करता हैं

(4) स्थानीय एवं विश्व स्तर पर संसार की प्रकृति को खोजने और कल्पना करने की योग्यता का विकास करने में मदद करता हैं

18. खाद्य श्रृंखला की संकल्पना को पढ़ाने में विद्यार्थियों में से कौन-सी शिक्षण व्यूह-रचना सबसे प्रभावी होगी?

(1) विद्यार्थियों को इन्टरनेट से सम्बन्धित जानकारी एकत्रित करने के लिए कहना

(2) श्यामपट्ट पर लिखी विभिन्न खाद्य-श्रृंखलाओं के सभी उदाहरणों को देखकर लिखने के लिए विद्यार्थियों से कहना

(3) जीवों के प्ले-कार्डस बनाना और विद्यार्थियों के समूह को विभिन्न खाद्य-श्रृंखलाओं को सोचते हुए उन्हें व्यवस्थित करने के लिए कहना

(4) विभिन्न आवासों में चलने वाली सम्भावित खाद्य-श्रृंखलाओं की खोज करने के लिए विद्यार्थियों को कहना

19. नलिनी कक्षा III के शिक्षार्थियों को 'जानवर-हमारे साथी' प्रकरण से परिचित करना चाहती हैं। प्रकरण को और अधिक रोचक तरीके से प्रस्तुत करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति सर्वाधिक उपयुक्त होगी?

(1) शिक्षार्थियों को पाठ्य-पुस्तक में जानवरों के दिए गए चित्रों को देखने के लिए कहना

(2) विभिन्न जानवरों के चित्रों को प्रदर्शित करने वाले चार्ट का प्रयोग करना

(3) विभिन्न जानवरों के चित्रों को श्यामपट्ट पर बनाना

(4) जानवरों तथा उनकी उपयोगिता पर आधारित फिल्म प्रदर्शित करना

20. एक शिक्षक पढ़ाते समय श्रव्य-दृश्य सामग्रियों एवं शारीरिक गतिविधियों का प्रयोग करता हैं क्योंकि ये-

(1) अधिगम वृद्धि में अधिकतम इन्द्रियों का उपयोग करते हैं

(2) शिक्षक को आराम उपलब्ध कराते हैं

(3) प्रभावी आकलन को सुगम बनाते हैं

(4) शिक्षार्थियों को दिशा-परिवर्तन उपलब्ध कराते हैं

CHANDRA INSTITUTE PRAYAGRAJ 8400332 04

21. एक कक्षा के अनुभाग 'अ' को पेट्रोलियम और कोयले के भण्डारों में 'रिक्तिकरण' का प्रकरण पढ़ाने के लिए 'मल्टीमीडिया कैप्सूल' (Multimedia Capsule) का प्रयोग किया गया जबकि अनुभाग 'ब' को ग्रीन बोर्ड पर आरेख बनाते हुए पढ़ाया गया। बाद में यह पाया गया कि अनुभाग 'अ' के विद्यार्थियों ने एक बेहतर सीमा तक प्रकरण को समझ लिया। ऐसा होने का कारण यह हो सकता हैं कि –

(1) ग्रीन बोर्ड एक अच्छी दृश्य सामग्री नहीं हैं
(2) बहु-उपागम दैनिक जीवन-स्थितियों के अधिक नजदीक हैं
(3) मल्टीमीडिया सामग्रियों का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक मितव्ययी हैं
(4) दृश्य-श्रव्य सामग्रियाँ बेहतर संधारण के लिए सभी इन्द्रियों को शामिल करती हैं

22. एक कक्षा में औसत से कम वाले चार विद्यार्थी हैं। उन्हें अन्य विद्यार्थियों के समान लाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी व्यूह-रचना सबसे प्रभावी होगी?

(1) उन्हें अगली पंक्ति में बैठाना और उनके काम का लगातार पर्यवेक्षण करना
(2) उनके अधिगम के कमजोर क्षेत्रों की पहचान करना और उसके अनुसार सुधारात्मक उपाय उपलब्ध कराना
(3) यह सुनिश्चित करना कि वे नियमित रूप से विद्यालय आएं
(4) उन्हें घर पर करने के लिए अतिरिक्त दत्त-कार्य देना

23. बच्चों को विभिन्न प्रकार के ईंधनों से परिचित कराने के लिए शिक्षक-

(1) कक्षा में कुछ ईंधनों के नमूने दिखा सकता हैं
(2) एक लघु फिल्म दिखाने के साथ खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले संभावित ईंधन के प्रकारों पर बच्चों के साथ चर्चा कर सकते हैं
(3) चार्ट पर ईंधनों के चित्र प्रदर्शित कर सकते हैं
(4) बच्चों से विभिन्न प्रकारके ईंधनों की सूची बनाने के लिए कह सकता हैं

24. पर्यावरण अध्ययन में एक अच्छे दत्त कार्य का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए।

(1) अधिगम-विस्तार के अवसर उपलब्ध कराना।
(2) प्रभावी अधिगम के लिए पाठ की दोहराई।
(3) समय का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना।
(4) शिक्षार्थियों को अनुशासन में बनाए रखना।

25. पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के रूप में चिड़ियाघर के भ्रमण का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए-

(1) शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में अभिभावकों को संतुष्ट करना
(2) शिक्षार्थियों को आनन्द और मज़ा उपलब्ध कराना
(3) नित्य शिक्षण कार्यक्रम की एकरसता को बदलना
(4) शिक्षार्थियों को सक्रिय अधिगम अनुभव उपलब्ध कराना

26. मानचित्र पढ़ने के लिए आवश्यक कौशल में शामिल हैं-

(1) अभिव्यक्तात्मक योग्यताओं को बाहर निकालने के लिए विलक्षण सम्प्रेषण कौशल
(2) स्थान, दूरी और दिशाओं की सापेक्, स्थिति को समझने की योग्यता
(3) ड्राइंग और पेण्टिंग में विलक्षण कुशलता
(4) ग्लोब पर स्थिति दर्शाने के लिए स्केच और गणनाओं का उपयोग करने की योग्यता

27. कक्षा IV के शिक्षार्थियों को 'हवा सब जगह है' प्रकरण पढ़ाते समय गीतिका निम्नलिखित गतिविधियों को करने की योजना बनाती हैं।

(1) प्रकरण से सम्बन्धित प्रश्न पूछना।
(2) शिक्षार्थियों को क्षेत्र-भ्रमण पर ले जाना।
(3) विशिष्ट उदाहरणों से संकल्पना की व्याख्या।
(4) संकल्पना को समझाने के लिए मल्टीमीडिया कैप्सूल का प्रयोग।

उपर्युक्त प्रस्तावित गतिविधियों में से कौन-सी प्रकरण को प्रभावी तरीके से पढ़ाने के लिए सार्थक नहीं हैं।

28. निम्न में से कौन-सी क्रिया विज्ञान शिक्षण में पाठ्य-सहगामी हैं?

(1) विज्ञान क्लब
(2) श्रव्य-दृश्य सामग्री
(3) पाठ्यपुस्तक
(4) श्यामपट्ट

29. पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तक में रेलवे टिकट का एक नमूना दिखाना-

(1) निष्कर्ष पर पहुँचने की बच्चों की कुशलता का विकास करता हैं
(2) बच्चों को वास्तविक जानकारी से अन्तःक्रिया करने का अवसर देता हैं, साथ ही अवलोकन की कुशलता का विकास करता हैं
(3) बच्चों को रेल के किराये के बारे में बताता हैं
(4) टिकट में प्रयुक्त विभिन्न संक्षिप्ताक्षरों का ज्ञान उपलब्ध कराना

30. निम्न में से कौन-सा कथन सहीं हैं?

(1) श्रव्य-दृश्य सामग्री छात्रों के लिए उपयोगी हैं
(2) चार्ट एवं ग्राफ श्रव्य-दृश्य सामग्री हैं
(3) चार्ट का प्रयोग केवल सामाजिक विज्ञान में किया जाता हैं
(4) शिक्षण में कुशलता के लिए श्रव्य-दृश्य सामग्री महत्त्पूर्ण नहीं हैं

31. प्राथमिक स्तर पर 'मानचित्रांकन' सिखाने से शिक्षार्थियों में निम्नलिखित में से किस कौशल को बढ़ावा मिलता हैं?

(1) साफ-सुथरा रेखांकन
(2) सापेक्ष स्थिति और दिशाबोध की जानकारी
(3) गणनाएँ और अनुमान

CHANDRA INSTITUTE PRAYAGRAJ 8400033264

(4) माप के अनुसार चित्रण करना

32. आपके प्रधानाचार्य ने आपको कहा कि कक्षा V के विद्यार्थियों को शैक्षिक अवलोकन यात्रा के लिए ले जाएँ। इस अवलोकन यात्रा को सार्थक बनाने के लिए आप अपनी योजना में क्या सम्मिलित करेंगी?

(1) क्रियाकलापों की एक स्तरीकृत शीट उस स्थान के बारे में तैयार करना और प्रामाणिक तथा सार्थक अध्ययन के लिए उसे विद्यार्थियों के साथ यात्रा से पूर्व साझा करना

(2) यह सुनिश्चित करना कि विद्यार्थी अनुशासित रहें और उस स्थान का शांतिपूर्वक अवलोकन करें

(3) जहाँ जाना हो उसके बारे में जानकारी प्राप्त करने और पढ़ने के लिए विद्यार्थियों को कहना

(4) आनन्द के लिए पर्याप्त भोजन और खेलों को साथ ले जाना

33. प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को मानचित्र-शिक्षण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति सर्वाधिक उपयुक्त प्रतीत होती हैं?

(1) अध्यापक द्वारा श्यामपट्ट पर मानचित्र बनाना तथा शिक्षार्थयों को विभिन्न स्थानों की स्थिति बताने को कहना

(2) शिक्षार्थियों की सहायता करना कि वे अपने ही संकेतों का उपयोग करते हुए अपने निकटतम परिवेश का मानचित्र बनाएँ तथा वस्तुओं की सापेक्ष स्थिति और दिशा पर ध्यान केन्द्रित करें

(3) शिक्षार्थियों को निर्देश देना कि वे घर से भारत का मानचित्र लेकर आएँ

(4) शिक्षार्थियों को एटलस दिखाना और विभिन्न स्थानों की स्थिति बताने के लिए कहना

34. एक अध्यापक को कक्षा IV के विद्यार्थियों को हमारे देश के भोजन की सांस्कृतिक विविधताएँ पढ़ानी हैं। इस विषय को पढ़ाने के लिए सर्वोत्तम विधि निम्नलिखित में से क्या हैं?

(1) विभिन्न प्रकार की खाने की चीजों के चित्रों वाले फ्लैश कार्ड दिखाएँ

(2) विद्यार्थियों से कहें कि वे अपने परिवार के भोजन के बारे में सूचना एकत्र करें

(3) अपने देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न लोगों द्वारा खाए जाने वाले विविध भोजन के बारे में विद्यार्थियों को एक प्रोजेक्ट (परियोजना) दें

(4) विद्यार्थियों से पूछें कि उन्होने क्या खाया हैं, उसके बाद चर्चा करें

35. निम्न में शैक्षिक भ्रमण का महत्त्व नहीं हैं-

(1) स्थायी अधिगम (3) आत्मविश्वास में वृद्धि

(2) विषय के प्रति रुचि का अभाव (4) प्रत्यक्ष अनुभव

36. विद्यालय में आयोजिक की जाने वाली विभिन्न पाठ्य-सहगामी क्रियाओं के बारे में आपकी राय-

(1) ये सभी शिक्षा के आवश्यक अंग हैं

(2) इनसे पठन-पाठन में बाधा पड़ती हैं

(3) इनसे छात्रों एवं अध्यापकों का मनोरंजन होता हैं

(4) इनसे बच्चों में सामित्रिक गुणों एवं सहभागिता का विकास होता हैं

37. कक्षा IV की एक शिक्षिका शिक्षार्थियों से कहती है कि वे अपने कार्य पत्रक, अवलोकन-रिपोर्ट और सत्र में एकत्रित की गई सामग्री को एक फोल्डर में डाल दें।
इन फोल्डरों को ....कहा जाता हैं-

(1) दत्त कार्य (3) घटना-वृतान्त अभिलेख

(2) परियोजना कार्य (4) पोर्टपोलियो

38. पर्यावरण अध्ययन की एक शिक्षिका निम्नलिखित कारणों से अपनी कक्षा का प्रारम्भ कुछ मुख्य प्रश्न पूछते हुए करती हैं। सबसे कम प्राथमिकता वाला कारण कौन-सा हैं, उसे चुनिए?

(1) प्रश्न शिक्षार्थियों में उत्सुकता जगाते हैं

(2) प्रश्न प्रकरण को संदर्भपरक बनाने में मदद करते हैं

(3) शिक्षार्थियों का चिंतन सीमित किया जा सकता हैं

(4) शिक्षार्थियों का चिंतन उद्दीप्त किया जा सकता हैं

39. प्राथमिक स्तर के शिक्षार्थियों में मानचित्र बनाने और समझने के लिए निम्नलिखित में से किन कौशल/कौशलों के विकास की आवश्यकता हैं?

(1) स्थानों की सापेक्ष स्थिति की समझ

(2) स्थानों की सापेक्ष दूरी और दिशाओं की समझ

(3) प्रतीकों और स्केल/पैमाने की समझ

(4) स्केल/पैमाने के अनुसार स्पष्ट ड्राइंग बनाना

(1) 1, 2 और 3 (3) 1 और 2

(2) केवल 4 (4) केवल 3

40. विज्ञान एवं कला प्रदर्शनियाँ, संगीत एव नृत्य प्रस्तुतियाँ तथा विद्यालय-पत्रिका निकालना............के लिए आता हैं-

(1) शिक्षार्थियों को सृजनात्मक मार्ग उपलब्ध कराने

(2) विभिन्न व्यवसायों के लिए विद्यार्थियों को प्रशिक्षति करने

(3) विद्यालय का नाम रोशन करने

(4) अभिभावकों को संतुष्ट करने

41. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी व्यूह रचना अधिक उपयुक्त हैं।

(1) अधिकतम बच्चों को सम्मिलित करते हुए कक्षा में चर्चा करना

(2) विद्यार्थियों को सम्मलित करते हुए अध्यापक द्वारा निर्देशन

(3) सहकारी अधिगम तथा पींअर ट्यूटरिंग (सहपाठियों द्वारा अनुशिक्षण)

(4) अध्यापन के लिए योग्यता आधारित समूहीकरण

42. खाद्य श्रृंखला की संकल्पना को पढ़ाने में विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारिता के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षण व्यूह-रचना सबसे प्रभावी होगी?

CHANDRA INSTITUTE PRAYAGRAJ 8400333264

(1) विद्यार्थियों को इन्टरनेट से सम्बन्धित जानकारी एकत्रित करने के लिए कहना
(2) श्यामपट्ट पर लिखी विभिन्न खाद्य-श्रृंखलाओं के सभी उदाहरणों को देखकर लिखने के लिए विद्यार्थियों से कहना
(3) जीवों के प्ले-कार्डस बनाना और विद्यार्थियों के समूह को विभिन्न खाद्य-श्रृंखलाओं को सोचते हुए उन्हें व्यवस्थित करने के लिए कहना
(4) विभिन्न आवासों में चलने वाली सम्भावित खाद्य-श्रृंखलाओं को सोचते हुए उन्हें व्यवस्थित करने के लिए कहना

43. कक्षा v का समीर अक्सर समय पर पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका के पास दत्त कार्य जमा नहीं कराता। इससे निबटाने का सर्वोत्तम सुधारात्मक उपाय हो सकता हैं-
(1) इस बात के विषय में प्रधानाचार्य को सूचित करना
(2) उसे खेल-कूद की कक्षा में जाने से रोकना
(3) अनियमितता के कारण पता करना और समीर को परामर्श देना
(4) उसकी अनियमितता के बारे में अभिभावकों के लिए एक नोट लिखना

44. ....के आलावा निम्नलिखित पर्यावरण अध्ययन पढ़ाने की विधियाँ हैं।
(1) सहयोगात्मक अधिगम (3) व्याख्यानों द्वारा स्पष्ट करने
(2) निर्देशित खोज (4) समस्या-समाधान

45. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए कविताओं और कहानी कथन का प्रयोग करना
(1) बच्चों में विद्यमान भाषिक एवं सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखता हैं
(2) उचित दिशा में बच्चों की ऊर्जा की संकेन्द्रित करता हैं
(3) पाठ को आनन्ददायक और रोचक बनाने में मदद करता हैं
(4) स्थानीय एवं विश्व स्तर पर संसार की प्रकृति को खोजने और कल्पना करने की योग्यता का विकास करने में मदद करता हैं

46. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में सरल प्रयोग और निर्देशन किये जा सकते है-
(1) बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर आधारित विचारों पर चर्चा करने, अवलोकनों को दर्ज करने तथा उनका विश्लेषण करने के लिए
(2) कक्षा में अनुशासन को सुनिश्चित करने हेतु बच्चों को नियन्त्रित करने के लिए
(3) बच्चों को स्वयं सीखने के योग्य बनाने और अवलोकन कौशलों को पैदा करने के लिए
(4) उच्च कक्षाओं में क्या किया जाता हैं उसका अनुकरण करने के लिए

47. दत्तकार्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही हैं?
(1) दत्तकार्य बच्चों को सूचना खोजने, अपने विचारों का निर्माम करने के और उन्हें उच्चारित करने का अवसर प्रदान करता हैं
(2) दत्तकार्य अभिभावकों, भाइयों या बहनों द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार किया जा सकता हैं
(3) प्रतिदिन विविधता और अभ्यास कराने के लिए कक्षा-कार्य और फिर गृह-कार्य के रूप में दत्तकार्य देने की आवश्यकता हैं
(4) दत्तकार्य आकलन का एकमात्र तरीका हैं

48. खेल विधि से शिक्षा देने वाले स्कूलों में शिक्षा-
(1) पर कोई व्यय नहीं होता हैं (3) देने वाले शिक्षक की भूमिका समाप्त हो जाती हैं
(2) बहुत महँगी पड़ती है (4) पर्यावरण का एक भाग बन जाती हैं

49. समूह शिक्षण में निम्नलिखित अवधारणा अन्तर्निहित हैं-
(1) शिक्षा में व्यक्तिवाद को समाप्त किया जाए
(2) शिक्षा में प्रतिस्पर्द्धा को समाप्त किया जाए
(3) समरूपी समूह शिक्षण ही प्रजातन्त्र का मूलाधार हैं
(4) छात्र अपने मित्र समूह से सर्वाधिक प्रभावित होते हैं

50. बाल केन्द्रित शिक्षण विधि का उद्देश्य होता हैं-
(1) छात्रों में मुक्त ढंग से सीखने की योग्यताओं का विकास करना
(2) छात्रों में स्वतन्त्र कौशलों का विकास करना
(3) छात्रों में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता का विकास करना
(4) उपरोक्त सभी

51. सूक्ष्म-शिक्षण के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सही हैं?
(1) छोटे पैमाने पर पढ़ाना ताकि अधिगम सुसाध्य हो सके
(2) ऐसे स्तर पर पढ़ाना ताकि विद्यार्थी पर पाठ्यचर्या का बोझ कम हो
(3) बहुत कम शिक्षण करना

52. पारिस्थितिकी पर छात्रों को दत्तकार्य के लिए आप किस प्रकार निर्देश दे सकते हैं?
(1) उनसे कहेंगे कि दिए गए दत्तकार्य के सम्बन्ध में सूचना खोजें
(2) उनके अभिभावकों से कहेंगे कि छात्रों को सूचना खोजने में उनकी मदद करें तथा स्वयं भी इसमें भाग लें
(3) उन्हें प्रतिदिन इस सम्बन्ध में गृहकार्य तथा कक्षा में अभ्यास कार्य देंगे जिससे उस सम्बन्ध में पर्याप्त सूचनाएँ एकत्र करें व बोध विकसित करें
(4) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं

53. खेल विधि का सही अर्थ हैं-
(1) बालक की मनोरंजन की इच्छा की पूर्ति मात्र
(2) बालकों को खेल की पूर्ण स्वाधीनता मात्र
(3) बालकों की खेल प्रवृत्ति को सन्तुष्ट करते हुए लाभप्रद शैक्षिक परिणाम निकालना
(4) उपरोक्त सभी

54. विचार-विनिमय सम्बन्धी क्रिया-कलाप हैं-
(1) चित्रण (2) सेमिनार
(3) प्रोजेक्ट (4) प्रदर्शनियाँ

55. पाठ योजना में शिक्षण उद्देश्य होना चाहिए-

CHANDRA INSTITUTE PRAYAGRAJ 8400033264

(1) स्पष्ट (2) व्यक्तिनिष्ठ
(3) अस्पष्ट (4) अनिश्चित

56. प्रश्नोत्तर विधि में यह विचारणीय हैं कि-
(1) पाठ्य-पुस्तक के शब्दों एवं वाक्यों को प्रयोग किया जाए
(2) बालकों को प्रश्न के उत्तर देने के लिए तैयार होने को कहा जाए
(3) छात्रों को प्रश्न के उत्तर स्वयं सोचकर देने को कहा जाए
(4) छात्रों के स्वैच्छिक उत्तरों पर आश्रित रहा जाए

57. एक विज्ञान-शिक्षक को कक्षा-VI के विद्यार्थियों को 'हवा के गुण' पढ़ाने के लिए समूहों में क्रिया-कलाप करवाने की योजना बनानी हैं। वह समूहों का नेतृत्व करने वाले विद्यार्थियों का चयन किन गुणों के आधार पर करेगा?
(1) विद्यार्थियों को भूमिका का आदेश देना और उनकी अपनी समझ के अनुसार कार्य करवाना
(2) मुख्य भूमिकाएँ होशियार विद्यार्थियों को देकर सुनिश्चित कर लेना कि उनका समूह सबसे पहले कार्य कर लेगा
(3) योग्यता अनुसार भूमिका देना, प्रोत्साहित करना व सभी समूह सदस्यों के साथ समन्वय बनाए रखना
(4) भूमिका चयन करने की स्वतन्त्रता, अपनी गति से कार्य करना और समझना

58. पर्यावरणीय प्रदूषण पर दिया जाने वाला दत्तकार्य (एसाइनमेण्ट) निम्न में से किस प्रकार छात्रों की सहायता करेगा?
(1) पर्यावरणीय प्रदूषण पर बच्चों को सूचना खोजने, अपने विचारों का निर्माण करने और उन पर संवेदनशीलता जागृत करने का अवसर प्रदान करता हैं
(2) दत्तकार्य छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों को भी जागृत करता हैं
(3) प्रतिदिन पर्यावरणीय प्रदूषण पर गृहकार्य तथा कक्षा में अभ्यास कार्य के रूप में दत्तकार्य छात्र में जागरुकता का विकास करता हैं
(4) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं

59. आपके विद्यालय में ऐसे छात्र भी पढ़ते हैं, जो अपने घरवालों का धनार्जन में हाथ बँटाते हैं, इसलिए ये छात्र पढ़ाई, गृह-कार्य आदि पर यथोचित ध्यान नहीं दे पाते-
(1) आप कक्षा में उन्हें प्रताड़ित करेंगे व उनके सम्मुख उनके माता-पिता को भी बुरा-भला कहेंगे जो उनके लिए शिक्षा का व्यय नहीं जुटा पाते
(2) उनके सामाजिक व आर्थिक स्तर का उपहास करते हुए उन्हें पढ़ाई छोड़ने के लिए कहेंगे
(3) उनकी क्षमता पर सन्देह करेंगे व उन्हें हतोत्साहित करते रहेंगे
(4) मानवीय दृष्टिकोण अपनाएँगे और प्रोत्साहन एवं सहायता देकर उनका मनोबल बढ़ाते रहेंगे

60. वाद-विवाद पद्धति से छात्रों में किस प्रकार का विकास होता हैं?
(1) तर्कशक्ति का विकास (3) निर्णय लेने की क्षमता का विकास
(2) आलोचनात्मक चिन्तन का विकास (4) ये सभी

61. एक शिक्षक पाठ को पढ़ाने के बाद अपने छात्रों को गृहकार्य देता हैं, क्योंकि-
(1) गृह-कार्य देने से छात्र पढ़ेंगे
(2) गृह-कार्य से छात्रों की प्रगति की जाँच की जा सकेगी
(3) छात्रों को व्यस्त रखना आवश्यक हैं
(4) गृह-कार्य करने से छात्रों में स्वाध्याय की आदत की विकास हो सकेगा

62. विद्यार्थियों में खेलकूद की भावना का विकास तीव्र हो सकता हैं यदि-
(1) खेलकूद पर भी विद्यार्थियों को परीक्षा में अंक दिए जाएँ
(2) केलने के बाद विद्यार्थियों को फल आदि खाने को दिए जाएँ
(3) स्कूल में भी विद्यार्थियों को खेलकूद के पर्याप्त अवसर दिए जाएँ और उसे अभिप्रेरणा के नियमों से जोड़ा जाए
(4) उपरोक्त सभी

63. कुछ व्यक्तियों का यह कहना हे कि गृह-कार्य देना आवश्यक नहीं हैं, क्योंकि इससे-
(1) छात्र घर पर भी बन्धन में बँध नहीं पाते
(2) गृह-कार्य करने में रुचि नहीं लेते हैं
(3) गृह-कार्य शिक्षण में आवश्यक एवं निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति नहीं करता हैं
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

64. आधुनिक समय में प्राथमिक कक्षाओं में लेखन-शिक्षण पर बल दिया जाता हैं कि छात्र-
(1) प्राथमिक कक्षाओं में सुलेख करें
(2) भाषा सम्बन्धी विभिन्न अभ्यास करें
(3) भाषा वाचन एवं लेखन का साथ-साथ अभ्यास करें
(4) भाषा सम्बन्धी उत्तम अभिव्यक्ति का ज्ञान प्राप्त करें

65. पर्यावरण पाठ्यक्रम में क्रिया-कलापों का क्या महत्व हैं?
(1) शिक्षार्थियों की योग्यताओं और उनके ज्ञान से सुमेलित सही, नवीनतम और निष्पक्ष जानकारी उपलब्ध कराना
(2) शिक्षार्थियों पर कार्यभर डालना जिससे उनके कार्य करने की क्षमता बढ़े
(3) आगे की शिक्षा के लिए अधिक प्रयोगवादी बनाना
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

66. कक्षा शिक्षण में पाठ्य-पुस्तक की क्या आवश्यकता हैं?
(1) सीखने के लिए पाठ्यक्रम पर आधारित व्यवस्थित विषय-वस्तु
(2) वह सामग्री जिस पर अध्यापकों का शिक्षण आधारित हैं
(3) ऐसी सामग्री जिस पर अध्यापकों का शिक्षण आधारित हैं
(4) अध्यापकों को पढ़ने और सन्दर्भ की सामग्री

67. क्या अभिभावकों को अपने बच्चों को गृह-कार्य करवाने में सहयोग देना चाहिए?
(1) हाँ, इससे अभिभावकों को अपने बच्चों की प्रगति का पता चलता रहेगा
(2) नहीं, यह अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ हैं
(3) नहीं, बच्चों को अपना गृह-कार्य स्वयं करना चाहिए
(4) हाँ, इससे बच्चें गृह-कार्य अवश्य कर लेंगे

CHANDRA INSTITUTE PRAYAGRAJ 8400333264